राजस्थान सरकार

सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी, राजस्थान, जयपुर

(E mail : DIR.SOCIALAUDIT@RAJASTHAN.GOV.IN, Tel.2227725)

क्रमांक :– एफ 61(9)SSAAT/संस्थापन/पार्ट फाईल /2020 / 4997 जयपुर, दिनांक 20/12/2021

कार्यालय आदेश (कार्यालय आदेश नं. 689/20/12/21)

सोसायटी की कार्यकारी समिति की प्रथम बैठक दिनांक 24.02.2020 के निर्णय संख्या 1.5 के क्रम में कार्यालय आदेश क्रमांक एफ 61(5)SSAAT/विविध/2019/7286–7409 दिनांक 04.03.2020 द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी का विभागाध्यक्ष घोषित किया गया हैं।

अतः सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम (GF&AR) के प्रावधानान्तर्गत एवं कार्यकारी समिति (SSAAT) की प्रथम बैठक दिनांक 24.02.2020 की निर्णय संख्या 1.5 की पालनार्थ इस सोसायटी के कार्यालय आदेश क्रमांक एफ 61(9)SSAAT/संस्थापन/पार्ट फाईल/2020/3089 दिनांक 04.08.2021 के द्वारा कार्य सम्पादन हेतु श्री सोहन लाल अग्रवाल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–प्रथम को (उप निदेशक के पदस्थापन तक) कार्यालयध्यक्ष एवं श्री दिनेश कुमार अग्रवाल सहायक लेखाधिकारी–प्रथम को आहरण वितरण अधिकारी घोषित किया गया था।

निदेशक, निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर के आदेश कमांक एफ 2(क)/नोटिस/2021–22/1097 दिनांक 16.12.2021 के तहत महात्मा गांधी नरेगा मे श्री सोहन लाल अग्रवाल का स्थानान्तरण हो जाने एवं श्री दिनेश कुमार अग्रवाल, सहायक लेखाधिकारी–प्रथम (आहरण वितरण अधिकारी) के उपार्जित अवकाश पर जाने के कारण उनके स्थान पर मैं, रामावतार शर्मा, निदेशक, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी, श्री प्रदीप काला, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम को कार्यालयाध्यक्ष एवं आहरण वितरण अधिकारी आगामी आदेशों तक घोषित करता हूँ।

उपरोक्त अधिकारीगण सोसायटी (SSAAT) की शासी निकाय/कार्यकारी समिति के निर्णयों/ दिशा–निर्देशों एवं राज्य सरकार में प्रचलित नियमों के प्रावधानान्तर्गत समस्त आवश्यक कार्यवाही करने के लिये उत्तरदायी होंगे।

कार्यालयाध्यक्ष सोसायटी के कार्यालय का संचालन नियमानुसार सुनिश्चित करायेंगे और समस्त कार्यालय स्टाफ (अधिकारी/कर्मचारीगण मय संविदा कर्मियों) का समय पालन एवं कर्तव्य पालन पर निगरानी (Supervision) रखेंगे।

आहरण वितरण अधिकारी कार्यालय कार्यो, लेखों, भुगतान कार्यो, भण्डार क्रय व संधारण सम्बन्धी एवं अन्य समस्त कार्यो का नियमानुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

श्री प्रदीप काला सहायक लेखाधिकारी–प्रथम, कार्यालयाध्यक्ष एवं आहरण वितरण अधिकारी (डीडीओ) के अवकाश के दौरान श्री दिनेश कुमार अग्रवाल सहायक लेखाधिकारी–प्रथम,के द्वारा कार्य सम्पादित करने हेतु अधिकृत होगें।

(रामावतार शर्मा)
निदेशक,
सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही
एवं पारदर्शिता सोसायटी, (SSAAT)

क्रमांक :– एफ 61(9)SSAAT/संस्थापन/पार्ट फाईल /2020 जयपुर, दिनांक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव, सह अध्यक्ष महो. शासी निकाय, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT)।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सह अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, (SSAAT)।
3. निजी सचिव, प्रधान महालेखाकार राजस्थान।
4. निजी सचिव, शासन सचिव ग्रामीण विकास विभाग सह सदस्य सचिव, शासी निकाय (G.B.), SSAAT।
5. निजी सचिव, निदेशक, SSAAT।
6. सहायक महाप्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, सचिवालय शाखा जयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. लेखाधिकारी (प्रशासन)/लेखाधिकारी (सामाजिक अंकेक्षण) कार्यालय हाजा।
8. श्री प्रदीप काला सहायक लेखाधिकारी (प्रथम), SSAAT जयपुर।
9. समस्त सहायक लेखाधिकारी प्रथम, द्वितीय, प्रोग्रामर, कनिष्ठ लेखाकार, सूचना सहायक SSAAT ।
10. लेखा शाखा, SSAAT ।
11. रक्षित पत्रावली।

निदेशक,
सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही
एवं पारदर्शिता सोसायटी, (SSAAT)

E Drive//Gopal /karyala aadesh